Tender Heart High School, Sec. 33-B, Chd.

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)
1-35 तक
पुस्तक- वीवा हिंदी व्याकरण-8
(पृष्ठ-153-155)

प्यारे बच्चो, सुप्रभात!
आज हम हिंदी व्याकरण की पुस्तक के पृष्ठ-1 पर लिखे 'वाक्यांश के लिए एक शब्द' के बारे में पढ़ेंगे। वैसे तो आप अपनी पिछली कक्षाओं में भी इनके बारे में पढ़ चुके हैं। यह कार्य आपको 8.7.24 को भेजा जा रहा है।

प्यारे बच्चो! आप सभी अपनी पुस्तक का पृष्ठ-153 खोलें साथ ही एक अभ्यास-पुस्तिका भी खोल-कर रख लें, क्योंकि पढ़ाते हुए कुछ लिखित कार्य मैं आपको करने को दूँगी। अब मैं आपको 'अनेक शब्दों के लिए एक शब्द' के बारे में समझाऊँगी। अतः ध्यानपूर्वक इस कार्य को सुनेंगे, पढ़ेंगे व समझेंगे। अब कुछ उदाहरणों के माध्यम से समझने का प्रयास कीजिए-

(क) आजकल महानगरों में आकाश को छूमने वाली इमारतें बनाई गई हैं।
(ख) कुतुबमीनार इतिहास से संबंधित इमारत है।

(क) आजकल महानगरों में गगनचुंबी इमारतें बनाई गई हैं।
(ख) कुतुबमीनार ऐतिहासिक इमारत है।

(ग) मेरी सहेली की उम्र बहुत कम थी कि उसके माता-पिता गुज़र गए।
(ग) मेरी सहेली अल्पायु में ही अनाथ हो गई।



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (अनेकशब्दों के लिए एकशब्द)

वाक्यों में रंगीन शब्दों पर ध्यान दीजिए - 'क' वर्ग में 'आकाश को चूमने वाली' शब्दों के लिए 'गगनचुंबी' तथा 'ख' वर्ग में 'इतिहास से संबंधित' शब्दों के लिए 'ऐतिहासिक' शब्दों का प्रयोग हुआ है; अत: स्पष्ट है कि अनेक शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग किया जा सकता है। साथ ही अल्पायु और अनाथ शब्द आए हैं।

कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक भाव या विचार प्रकट करना अच्छे लेखकों की पहचान है। विद्यार्थियों को भी कम से कम शब्दों में अधिक-से-अधिक बात कहने का अभ्यास करना चाहिए। इससे हमारी भाषा सुगठित और सुंदर बनती है तथा बात भी प्रभावशाली हो जाती है।

ऐसे शब्द जो अनेक शब्दों के स्थान पर प्रयुक्त किए जा सकते हैं, 'अनेक शब्दों या वाक्यांशों के लिए एक शब्द' के नाम से जाने जाते हैं।

बच्चो! आओ, अब हम पुस्तक में से अनेक शब्दों के लिए एक शब्द पढ़ेंगे व लिखेंगे।

| | वाक्यांश | | एक शब्द |
|---|---|---|---|
| 1. | जिसका कोई अंत न हो | — | अनंत |
| 2. | जो कभी न मरे | — | अमर |
| 3 | जिसका कोई आकार न हो | — | निराकार |
| 4. | जिसका कोई आकार हो | — | साकार |
| 5. | जिसकी उपमा न दी जा सके | — | अनुपम |
| 6. | जिसके समान कोई दूसरा न हो | — | अद्वितीय |
| 7. | जो प्रशंसा के योग्य हो | — | प्रशंसनीय |



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)

| | | |
|---|---|---|
| 8. | जो निंदा के योग्य हो | निंदनीय |
| 9. | जो पहले हुआ हो | भूतपूर्व |
| 10. | जो पहले न हुआ हो | अभूतपूर्व |
| 11. | जिसे करना संभव न हो | असंभव |
| 12. | जानने की इच्छा रखने वाला | जिज्ञासु |
| 13. | अपने पर बीती | आपबीती |
| 14. | जो कहा न गया हो | अनकहा |
| 15. | जो सुना न गया हो | अनसुना |
| 16. | जिसका कोई अर्थ हो | सार्थक |
| 17. | जिसका कोई अर्थ न हो | निरर्थक |
| 18. | जो सहनशील हो | सहिष्णु |
| 19. | जिसका कोई आधार न हो | निराधार |
| 20. | जो समाचार देता / भेजता हो | संवाददाता |
| 21. | जो समाचार पढ़ता हो | समाचार वाचक |
| 22. | जो घोषणा करता हो | उद्घोषक |
| 23. | हाथ से लिखा हुआ | हस्तलिखित, पांडुलिपि |
| 24. | नीचे लिखा हुआ | निम्नलिखित |
| 25. | ऊपर कहा गया | उपरोक्त, उपर्युक्त |
| 26. | जिसका संबंध पश्चिम से हो | पाश्चात्य |
| 27. | शरण देने वाला | शरणदाता |
| 28. | शरण माँगने वाला | शरणार्थी |
| 29. | शरण में आया हुआ | शरणागत |
| 30. | जो आसानी से मिले | सुलभ |
| 31. | जो आसानी से न मिले | दुर्लभ |
| 32. | जहाँ जाना आसान हो | सुगम |
| 33. | जहाँ जाना कठिन हो | दुर्गम |
| 34. | देखने योग्य | दर्शनीय |
| 35. | रात में घूमने वाला | निशाचर |



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा - आठवीं        शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (अनेक शब्दों के लिए एक शब्द)

बच्चो, हमने 1 से 35 तक अनेक शब्दों के लिए एक शब्द कर लिए हैं। अब इस कराए गए कार्य का अभ्यास करेंगे।

1. निम्नलिखित एक शब्द के लिए अनेक शब्द लिखिए -
(क) भूतपूर्व -
(ख) सहिष्णु -
(ग) निराधार -
(घ) शरणदाता -
(ङ) सुगम -
(च) जिज्ञासु -

अब मैं इनके लिए अनेक शब्द लिखूँगी। सब बच्चे ध्यान से पढ़ेंगे व लिखेंगे।
(क) जो पहले हुआ हो -
(ख) जो सहनशील हो -
(ग) जिसका कोई आधार न हो -
(घ) शरण देने वाला -
(ङ) जहाँ जाना आसान हो -
(च) जानने की इच्छा रखने वाला -

बच्चो! हमने यहाँ 1 से 35 तक पृष्ठ - 154 और 155 पर लिखे अनेक शब्दों के लिए एक शब्दों को पढ़ा है। आशा है सब बच्चों को अच्छी तरह से समझ आ गए होंगे। अब मैं आपको गृहकार्य करने को दूँगी।

गृहकार्य :- बच्चो! आप इस कराए गए कार्य को सुंदर लेख में लिखेंगे। कुछ शब्दों की पुनरावृत्ति हुई है, उसका ध्यान रखें।

धन्यवाद।

(अन्तिम पृष्ठ-4)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner